# <u>महाविद्यालय में मनाया गया कारगिल दिवस</u>

आज दिनांक 25 जुलाई 2026 को अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ में महाविद्यालय प्रधान श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता, महासचिव एडवोकेट श्री दिनेश गुप्ता और प्राचार्य डॉ० सी एस वशिष्ट के मार्गदर्शन में एनसीसी और यूथ रेड क्रॉस के संयुक्त तत्वावधान में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। कारगिल विजय दिवस स्वतंत्र भारत के सभी देशवासियो के लिए महत्वपूर्ण दिवस है। भारत में प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को यह दिवस मनाया जाता है। इस दिन भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच 1999 में कारगिल युद्ध हुआ जोकि 60 दिनों तक चला। 26 जुलाई के दिन भारतीय जाबांज सैनिकों ने कारगिल में विजय पताका फहराई । कारगिल युद्ध में शहीद हुए जवानों के सम्मान में यह दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर पूर्व एनसीसी अधिकारी डॉ जय पाल सिंह द्वारा विशेष व्याख्यान दिया गया ।भारतीय शहीदों की गौरव गाथा का वर्णन करते हुए हुए डॉ. सिंह ने बताया कि वर्ष 1999 में आज ही के दिन भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन विजय' के तहत कारगिल की बर्फीली चोटियों पर पाकिस्तान को खदेड़कर तिरंगा फहराया था। भारत सरकार ने ऑपरेशन विजय नाम से 2,00,000 सैनिकों को कारगिल क्षेत्र मे भेजा। यह युद्ध आधिकारिक रूप से 26 जुलाई 1999 को संपन्न हुआ। इस युद्ध के दौरान 527 सैनिकों ने अपने जीवन का बलिदान दिया और 1400 के करीब घायल हुए थे, जिन्हें पूरा राष्ट्र कृतज्ञता के साथ याद कर रहा है।

सब लेफ्टिनेंट डॉ० पूजा सैनी द्वारा और साथ इस दिन सभी एनसीसी कैडेट एवं क्लब वालंटियर्स को कारगिल विजय दिवस से संबंधित एक डॉक्यूमेंट्री मूवी दिखाई गई, जिसने सभी कैडेटो में मातृभूमि की रक्षा हेतु उमंग की भावना भर दी। 1-हरियाणा नेवल यूनिट के कमांडिंग ऑफिसर कैप्टन (IN) विवेक कुमार ने भी इस कार्य की प्रशंसा की। इस अवसर पर यूथ रेड क्रॉस काउंसलर मैडम पूजा, सुभाष कैलोरिया, लवकेश व यूथ रेडक्रास वालंटियर्स उपस्थित रहे।